**<u>सराहनीय कार्य जनपद झांसी</u>**

**<u>दिनांक- 08.06.2025</u>**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही।**
- **थाना चिरगांव पुलिस द्वारा लूट/चोरी की घटनाओं का अनावरण करते हुये एक अभियुक्त तथा एक बाल अपचारी को चोरी व लूट के रुपये तथा अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार किया गया ।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी, श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध नियंत्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम तथा अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना चिरगांव पुलिस द्वारा दिनांक 07.06.2025 को समय 17.30 बजे थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध ,चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे ,वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सटीक सूचना पर मु0अ0सं0- 114/25 धारा 309(4)/281 106 /111/317(2) बीएनएस में प्रकाश में आये अभियुक्त 1. कन्नासी उर्फ नेना बहेलिया पुत्र जयपाल उम्र करीब-20 वर्ष निवासी ग्राम नगला डूड़ी थाना एरच जिला झाँसी 2. एक बाल अपचारी को थाना चिरगांव क्षेत्र के रेलवे यार्ड वैष्णवी विवाह घर के पास से अवैध असलाह तथा चोरी के रुपयों के साथ गिरफ्तार किया गया। अवैध असलाह तथा चोरी का माल बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चिरगांव में सुसगंत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त तथा बाल अपचारी द्वारा दिनांक 05.05.2025 को थाना चिरगांव क्षेत्रान्तर्गत बैंक से रुपये निकाल कर जा रहे माँ-बेटे से रुपये छीन लिये गये थे तथा शोर

मचाने पर रुपयें फेंककर भाग गये थे। पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा थाना मोठ तथा थाना समथर क्षेत्रान्तर्गत भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया था।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त –</u>**

1 - कन्नासी उर्फ नेना बहेलिया पुत्र जयपाल उम्र करीब-20 वर्ष निवासी ग्राम नगला डूड़ी थाना एरच जिला झाँसी
2 – एक बाल अपचारी।

**<u>बरामदगी का विवरण –</u>**

1. एक अदद नाजायज देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर।
2. 17000 रुपये चोरी के थाना मोठ से सम्बन्धित।
3. 7000 /- रुपये चोरी के थाना समथर से सम्बन्धित।
4. थाना चिरगांव से सम्बन्धित लूट की घटना से सम्बन्धित बरामदशुदा दो अदद आधार कार्ड।

**<u>पुलिस टीम -</u> प्रभारी निरीक्षक थाना चिरगांव जनपद झांसी मय पुलिस टीम।**

**सोशल मीडिया सेल**
**जनपद झाँसी**